# वाक्य परिवर्तन

<u>निम्नलिखित वाक्यों को मिश्र वाक्य में बदलिए</u> –

1. मेरे घर पहुँचते ही आंधी आ गई।
2. पुस्तकें खरीदने के लिए वह बाज़ार गई।
3. दुकान पर सजी मिठाइयाँ देखकर बच्चे के मुँह में पानी आ गया।
4. निराला जी द्वारा रचित कविता सभी को पसंद आई।
5. गार्ड द्वारा हरी झंडी हिलाते ही गाड़ी चल पड़ी।
6. पानी का टैंकर आते ही लोगों में हलचल मच गई।
7. महात्मा जी का प्रभावपूर्ण प्रवचन सुनकर लोग नतमस्तक हो गए।
8. रोहित शर्मा की अच्छी बल्लेबाजी के कारण भारत मैच जीत गया।
9. मेरे स्टेशन पर पहुँचते ही बस चल पड़ी।
10. लाल कपड़ा देखते ही साँड़ भड़ककर गोपू के पीछे भागने लगा।
11. वह धन कमाने के लिए शहर गया।
12. धरती को हरा-भरा बनाए रखने के लिए लोग पेड़ लगाते हैं।
13. सैनिक देशवासियों के सुख-चैन के लिए अपने प्राणों की बाज़ी लगा देते हैं।
14. यही छात्र एक सौ मीटर की दौड़ में प्रथम आया था।
15. बूढ़ा व्यक्ति सड़क पार करते हुए मोटरसाइकिल से टकरा गया।
16. डॉक्टरी सहायता मिलने पर भी घायल को बचाया न जा सका।
17. छत पर दाना देखते ही कबूतर आ गए।
18. वसंत आते ही चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिल उठे।
19. इसी विद्यालय में मैंने प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की थी।
20. सैनिक दल बनाकर जल्दी-जल्दी आतंकवादियों की ओर बढ़ने लगे।
21. दूसरों का निस्स्वार्थ भला करने वाला सच्चा परोपकारी होता है।
22. मुख्य अतिथि के मंच पर आते ही सरस्वती वंदना की गई।
23. भारी हिमपात के कारण पर्यटक रास्ते में फँस गए।
24. नींद आने के कारण उसने पढ़ना बंद कर दिया।
25. हेलमेट लगाने के कारण उसका सिर फटने से बच गया।
26. इसी भारत देश को सोने की चिड़िया कहा जाता था।
27. इसी जन्मभूमि की रज में लोट-लोटकर हम बड़े हुए हैं।
28. प्रयोगशाला में ब्यूरेट तोड़ने वाला छात्र खड़ा हो जाए।
29. इसी पेड़ पर सबसे मीठे आम आते हैं।
30. इसी छात्र ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# वाक्य परिवर्तन

उत्तरः

1. जैसे ही मैं घर पहुँचा वैसे ही आँधी आ गई।
2. क्योंकि उसे पुस्तकें खरीदनी थी इसलिए वह बाज़ार गई।
3. जैसे ही बच्चे ने दुकान पर सजी मिठाइयाँ देखीं वैसे ही उसके मुँह में पानी आ गया।
4. जो कविता निराला जी द्वारा रचित है, वह सभी को पसंद आई।
   **या**
   वह कविता जो निराला जी द्वारा रचित है, सभी को पसंद आई।
5. ज्यों ही गार्ड ने हरी झंडी हिलाई, त्यों ही गाड़ी चल पड़ी।।
6. जैसे ही पानी का टैंकर आया वैसे ही लोगों में हलचल मच गई।
7. महात्मा जी का प्रवचन इतना प्रभावपूर्ण था कि लोग नतमस्तक हो गए।
8. चूँकि रोहित शर्मा ने अच्छी बल्लेबाजी की इसलिए भारत मैच जीत गया।
9. जैसे ही मैं स्टेशन पर पहुँचा वैसे ही बस छूट गई।
10. ज्यों ही साँड़ ने लाल कपड़ा देखा त्यों ही वह गोपू के पीछे भागने लगा।
11. चूँकि उसे धन कमाना था इसलिए वह शहर गया।
12. क्योंकि धरती को हरा-भरा बनाना है इसलिए लोग पेड़ लगाते हैं।
13. जब सैनिक प्राणों की बाज़ी लगाते हैं तब देशवासी चैन से सोते हैं।
14. यह वह छात्र है जो एक सौ मीटर की दौड़ में प्रथम प्रथम आया था।
15. वह बूढ़ा व्यक्ति जो सड़क पार कर रहा था, मोटरसाइकिल से टकरा गया।
16. यद्यपि डॉक्टरी सहायता मिली फिर भी घायल को बचाया न जा सका।
17. जैसे ही कबूतरों ने दाना देखा वे छत पर आ गए।
18. जब वसंत आया तब चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिल उठे।
19. यही वह विद्यालय है जहाँ मैंने प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की थी।
20. जब सैनिकों ने दल बनाया तब वे आतंकवादियों की ओर बढ़ने लगे।
21. जो दूसरों का निस्स्वार्थ भला करता है वही सच्चा परोपकारी होता है।
22. जैसे ही मुख्य अतिथि मंच पर आए वैसे ही सरस्वती वंदना शुरू की गई।
23. जब भारी हिमपात हुआ तब पर्यटक रास्ते में फँस गए।
24. चूँकि उसे नींद आने लगी थी इसलिए उसने पढ़ना बंद जाता है।
25. चूँकि उसने हेलमेट लगाया था इसलिए उसका सिर फटने से बच गया।
26. यही वह भारत देश है जिसे सोने की चिड़िया कहा
27. यही वह जन्मभूमि है जिसकी रज में लोट-लोटकर बड़े हुए हैं।
28. जिस छात्र ने प्रयोगशाला में व्यूरेट तोड़ा है वह खड़ा हो जाए ।
29. यही वह पेड़ है जिस पर सबसे मीठे आम लगते हैं।
30. यही वह छात्र है जिसने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# वाक्य परिवर्तन

प्रश्नः 3. निम्नलिखित वाक्यों को संयुक्त वाक्य में बदलिए

1. शहर जाने पर श्यामू मलेरिया से पीड़ित हो गया। ।
2. मोबाइल फ़ोन झपटने का अपराधी होने से उसे सजा हुई।
3. परिश्रम से कमाए गए धन को सोच-समझकर खर्च करना चाहिए।
4. आज तुम घर पर रहकर जानवरों की देख-रेख का काम करो।
5. मुर्गे की कुकड-कूँ सुनते ही महात्मा जी नदी की ओर चले गए।
6. प्रधानाचार्य की बातें सुनकर छात्र जोश से भर उठे।
7. बादल घिरने के बाद भी वर्षा नहीं हुई।
8. दौड़ प्रतियोगिता में फ़िसलकर गिर जाने के कारण वह प्रथम न आ सका।
9. बच्चों के शोर मचाने पर पक्षी उड़ गए।
10. आरक्षण समर्थकों द्वारा किए गए उत्पात से अनेक रेलगाड़ियाँ रद्द की गईं।
11. जादूगर का खेल देखकर लोगों ने तालियाँ बजाईं।
12. बाज़ार में धमाका होते ही लोग इधर-उधर भागने लगे।
13. अकबर के अत्याचार के सामने राणा प्रताप नहीं झुके।
14. (हरी-भरी फ़सलों को बाढ़ ने तबाह कर दिया।
15. आंधी आते ही रेगिस्तान में रेत उड़ने लगी।
16. (हवा का तेज़ झोंका आते ही पतंग आसमान में उड़ने लगी।
17. स्टेशन पर पहुँचकर भी वह गाड़ी न पकड़ सकी।
18. वर्षा होने पर पेड़-पौधे नहाए-धोए से नज़र आने लगे।
19. उदय ने बाज़ार जाकर पुस्तकें खरीदीं।
20. दंगा शुरू होते ही पुलिस की कई गाड़ियाँ आ गईं।
21. संन्यासी प्रवचन देकर चले गए।
22. बिजली जाते ही गली में अँधेरा छा गया।
23. मेरे बार-बार फ़ोन करने पर भी डॉक्टर नहीं आए।
24. किसान बड़े सवेरे उठकर खेत में चला गया।

# वाक्य परिवर्तन

उत्तरः

1. श्यामू शहर गया और मलेरिया से पीड़ित हो गया।
2. उसने मोबाइल फ़ोन झपटा था, इसलिए उसे सजा हुई।
3. धन को परिश्रम से कमाया जाता है इसलिए उसे सोच समझकर खर्च करना चाहिए।
4. आज तुम घर पर रहो और जानवरों की देखरेख करो।
5. महात्मा जी ने मुर्गे की कुकड़-कूँ सुना और नदी की ओर चल पड़े।
6. छात्रों ने प्रधानाचार्य की बातें सुनीं और जोश से भर उठे।
7. बादल घिरे परंतु वर्षा नहीं हुई।
8. वह दौड़ प्रतियोगिता में फ़िसलकर गिर गया इसलिए प्रथम न आ सका
9. बच्चों ने शोर मचाया और पक्षी उड़ गए।
10. आरक्षण समर्थक ने उत्पात किया और अनेक रेलगाड़ियाँ रद्द करनी पड़ी।
11. लोगों ने जादूगर का खेल देखा और तालियाँ बजाई।
12. बाज़ार में धमाका हुआ और लोग इधर-उधर भागने लगे।
13. अकबर ने अत्याचार किया परंतु राणा प्रताप झुके नहीं।
14. बाढ़ आई और हरी-भरी फ़सलों को तबाह कर गई।
15. आँधी आई और रेगिस्तान में धूल उड़ने लगी।
16. हवा का तेज़ झोंका आया और पतंग आसमान में उड़ने लगी।
17. वह स्टेशन पर पहुँची परंतु गाड़ी न पकड़ सकी।
18. वर्षा हुई और पेड़-पौधे नहाए धोए से नज़र आने लगे।
19. उदय बाज़ार गया और पुस्तकें खरीदी।
20. दंगा शुरू हुआ और पुलिस की कई गाड़ियाँ आ गईं।
21. संन्यासियों ने प्रवचन दिया और चले गए।
22. बिजली गई और गली में अँधेरा छा गया। कर दिया।
23. मैंने बार-बार फ़ोन किया परंतु डॉक्टर नहीं आए।
24. किसान बड़े सवेरे उठा और खेत में चला गया।

# वाक्य परिवर्तन

प्रश्नः 4.
निम्नलिखित वाक्यों को सरल वाक्य में बदलिए

1. मैंने एक लाल गुलाब देखा जो बहुत खुशबूदार था।
2. कुत्ते भौंकने लगे तब चोर भाग गए।
3. यही वह छात्र है जिसने नाटक में अध्यापक की भूमिका निभाई।
4. यही वे महात्मा हैं जो अपनी ज्ञानभरी बातों से प्रभावित कर लेते हैं।
5. पुलिस ने आसू गैस छोड़ी और भीड़ तितर-बितर हो गई।
6. गली में शोर हुआ परंतु उसकी नींद न खुली।
7. लोगों ने जोकर की बातें सुनीं और हँस पड़े।
8. जब सुमन ने मुझे समझाया तो मैं मान गया।
9. बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और भारत मैच जीत गया।
10. जब पीटी अध्यापक ने सीटी बजाई तब छात्र सावधान हो गए।
11. किसान परिश्रम करते हैं पर उसका लाभ बिचौलिए उठाते हैं।
12. सचिन तेंदुलकर वह महान खिलाड़ी हैं, जिन्होंने सर्वाधिक रन बनाए हैं।
13. रिंग मास्टर ने हंटर उठाया और शेर ने मुँह खोल दिया।
14. यही वह चौकीदार है जिसने चोरों को ललकारा था।
15. दिसंबर वह महीना है जब यहाँ कड़ाके की सरदी पड़ती है।
16. शेर ने दहाड़ लगाई और हिरन पर झपट्टा मारा।
17. चैत आया और टेसू के फूल दहकने लगे।
18. जब जून आएगा तब ये आम पकने लगेंगे।
19. पुलकित परिश्रमी है इसलिए सब उसे प्यार करते हैं।
20. उसने कठोर परिश्रम किया और कक्षा में प्रथम आया।
21. यही वह पहाड़ी है जहाँ औषधियाँ मिलती हैं।
22. दो दिन लगातार वर्षा हुई और सर्वत्र पानी भर गया।
23. सूरज निकला और ओस की बूंदें गायब होने लगी।
24. जब गार्ड ने हरी झंडी दिखाई तब गाड़ी चल पड़ी।
25. बिजली आई और गली-गली जगमगा उठी।
26. ठेकेदार ने मजदूरी दी और मजदूर घर चले गए।
27. जब पूजा समाप्त हुई तब प्रसाद वितरण शुरू हुआ।
28. आँधी आई और फ़सलें तहस-नहस हो गईं।
29. बढ़ई ने मेज बनाई और उसे रंग दिया।
30. जैसे ही भोर हुआ वैसे ही प्रकृति की नीरवता भंग होने लगी।

# वाक्य परिवर्तन

उत्तरः

1. मैंने एक लाल खुशबूदार गुलाब देखा।
2. कुत्तों के भौंकने पर चोर भाग गए।
3. इसी छात्र ने नाटक में अध्यापक की भूमिका निभाई थी।
4. ये महात्मा अपनी ज्ञानभरी बातों से प्रभावित कर लेते हैं।
5. पुलिस द्वारा आसू गैस छोड़ने पर भीड़ तितर-बितर हो गई।
6. गली में शोर होने पर भी उसकी नींद न खुली।
7. जोकर की बातें सुनकर लोग हँस पड़े।
8. सुमन के समझाने पर मैं मान गया।
9. बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन से भारत मैच जीत गया।
10. पीटी अध्यापक के सीटी बजाने पर छात्र सावधान हो गए।
11. किसानों के परिश्रम का लाभ बिचौलिए उठाते हैं।
12. महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने सर्वाधिक रन बनाए हैं।
13. रिंग मास्टर के हंटर उठाते ही शेर ने मुँह खोल दिया।
14. इसी चौकीदार ने चोरों को ललकारा था।
15. दिसंबर महीने में कड़ाके की ठंड पड़ती है।
16. शेर ने दहाड़कर हिरन पर झपट्टा मारा।
17. चैत आते ही टेसू के फूल दहकने लगे।
18. जून आने पर ये आम पकने लगेंगे।
19. परिश्रमी पुलकित को सभी प्यार करते हैं।
20. कठोर परिश्रम करके वह कक्षा में प्रथम आया।
21. इसी पहाड़ी पर औषधियाँ मिलती हैं।
22. दो दिन लगातार वर्षा होने से सर्वत्र पानी भर गया।
23. सूरज निकलने पर ओस की बूंदें गायब होने लगीं।
24. गार्ड के हरी झंडी दिखाते ही गाड़ी चल पड़ी।
25. बिजली आने से गली-गली जगमगा उठी।
26. ठेकेदार से मज़दूरी पाकर मज़दूर अपने घर चले गए।
27. पूजा समाप्त होने पर प्रसाद वितरण शुरू हुआ।
28. आँधी आने से फ़सलें तहस-नहस हो उठीं।
29. बढ़ई ने मेज़ बनाकर उसे रंग दिया।
30. भोर होते ही प्रकृति की नीरवता भंग होने लगी।

# वाक्य परिवर्तन

| संयुक्त वाक्य | मिश्रित वाक्य |
|---|---|
| (i) मैं अच्छा खेला, किंतु हार गया। | यद्यपि मैं अच्छा खेला, फिर भी हार गया। |
| (ii) पाठ समाप्त हुआ और घंटी बज गई। | जैसे ही पाठ समाप्त हुआ वैसे ही घंटी बज गई। |
| (iii) बिजली जाते ही टी०वी० बंद हो गई। | जैसे ही बिजली गई वैसे ही टी०वी० बंद हो गई। |
| (iv) वह मेहनती है, अत: वह पराजय स्वीकार नहीं करता। | वह ऐसा मेहनती है जो पराजय स्वीकार नहीं करता। |
| (v) वह परिश्रमी था और सफल हुआ। | वह परिश्रमी था इसलिए सफल हुआ। |
| (vi) राम ने कहानी सुनाई और करन रो पड़ा। | राम ने ऐसी कहानी सुनाई कि करन रो पड़ा। |
| (vii) सूरज निकला और चिड़िया चहचहाने लगी। | जब सूरज निकला तब चिड़िया चहचहाने लगी। |
| (viii) पुलिस ने चोर को देखा और उसे पकड़ लिया। | ज्यों ही पुलिस ने चोर को देखा, त्यों ही उसे पकड़ लिया। |
| (ix) परीक्षाएँ समाप्त हुईं और हम घूमने चले गए। | जैसे ही परीक्षाएँ समाप्त हुईं वैसे ही हम घूमने चले गए। |
| (x) घंटी बजी और छात्र बाहर आ गए। | जैसे ही घंटी बजी, वैसे ही छात्र बाहर आ गए। |
| (xi) गाँव में एक कुआँ था और उसके चारों ओर फूलों की क यारियाँ थीं। | गाँव में एक ऐसा कुआँ था जिसके चारों ओर क्यारियाँ थीं। |
| (xii) टीबी के मरीज ने दवा का पूरा कोर्स किया और स्वस्थ हो गया। | टीबी के जिस मरीज ने दवा का पूरा कोर्स किया था। वह स्वस्थ हो गया। |
| (xx) बल्लेबाज ने ऊँचा शॉट मारा परंतु सीमा रेखा के पास कैच हो गया। | यद्यपि बल्लेबाज ने ऊँचा शॉट मारा तथापि सीमा रेखा के पास कैच हो गया। |
| (xxi) जोरदार धमाका हुआ और लोगों में भगदड़ मच गई। | जैसे ही जोर का धमाका हुआ वैसे ही लोगों में भगदड़ मच गई। |
| (xxii) आरक्षण कार्यालय बंद था अत: मैं आरक्षण नहीं करा सका। | चूँकि आरक्षण कार्यालय बंद था इसलिए मैं आरक्षण न करा सका। |
| (xxiii) चाँद निकला और धरती दूधिया रोशनी में नहा उठी। | जैसे ही चाँद निकला वैसे ही धरती दूधिया रोशनी में नहा उठी। |
| (xxiv) संगीत के कार्यक्रम में बिजली गई और लोगों में भगदड़ मच गई। | संगीत के कार्यक्रम में ज्यों ही बिजली गई त्यों ही लोगों में भगदड़ मच गई। |
| (xxv) वह सबसे कमज़ोर था, फिर भी उसने सबसे ज़्यादा काम किया। | यद्यपि वह सबसे कमज़ोर था तथापि उसने सबसे ज़्यादा कार्य किया। |
| (xxvi) आकाश में बादल छाए और जोरदार वर्षा होने लगी। | जब आकाश में बादल छाए तब जोरदार वर्षा होने लगी। |
| (xxvii) उसने स्कूल जाते बच्चों को सड़क पार करते हुए देखा और कार रोक दी। | जैसे ही उसने स्कूल जाते बच्चों को सड़क पार करते हुए देखा, उसने कार रोक दी। |

| मिश्रित वाक्य | सरल वाक्य |
|---|---|
| (i) जब वर्षा होती है, मोर नाचने लगते हैं। | वर्षा होने पर मोर नाचने लगते हैं। |
| (ii) राम ने कहा कि वह निर्दोष है। | राम ने खुद को निर्दोष घोषित किया। |
| (iii) मुझे बताओ कि आपका जन्म कहाँ और कब हुआ था। | आप मुझे अपने जन्म का स्थान और समय बताओ। |
| (iv) जिनकी आय कम हैं, उन्हें मितव्ययी होना चाहिए। | कम आय वालों को मितव्ययी होना चाहिए। |
| (v) जब शिक्षक कक्षा में आए, तब उन्होंने पढ़ाना शुरू किया। | शिक्षक ने कक्षा में आकर पढ़ाना शुरू किया। |
| (vi) जब मुसीबत आए तो साहस बनाए रखना। | मुसीबत आने पर भी साहस बनाए रखना चाहिए। |
| (vii) जब मैं स्टेशन पर पहुँचा, गाड़ी जा चुकी थी। | मेरे स्टेशन पहुँचने से पहले गाड़ी जा चुकी थी। |
| (viii) मेरा विचार है कि आज फ़िल्म देखने चलें। | मेरा विचार आज फ़िल्म देखने का है। |

# वाक्य परिवर्तन

| मिश्रित वाक्य | संयुक्त वाक्य |
|---|---|
| (i) यदि आप घर आएँ तो आपसे बात हो। | आप घर आइए और बात कीजिए। |
| (ii) जब विद्यालय में पढ़ाई बंद हो गई, तब हम घर लौट आये। | विद्यालय में पढ़ाई बंद हो गई और हम घर लौट आये। |
| (iii) मेरे पिता जी वे हैं जो कुरसी पर बैठे हैं। | वे मेरे पिता जी हैं और कुरसी पर बैठे हैं। |
| (iv) जो तोता पिंजड़े में बंद है, वह फल खा रहा है। | तोता पिंजड़े में बंद है और फल खा रहा है। |
| (v) जब मंत्री का भाषण समाप्त हो गया तब वे घर आ गये। | मंत्री का भाषण समाप्त हो गया और वे घर आ गये। |
| (vi) मैंने जब उसे देखा तब वह हँसने लगा। | मैंने उसे देखा और वह हँस पड़ा। |
| (vii) जब वर्षा शुरू हुई, तब मोहन आ गया। | वर्षा शुरू हुई और मोहन आ गया। |
| (viii) जब मैं अकेला था, तब चार गुंडों ने मुझे पीटा। | मैं अकेला था और चार गुंडों ने मुझे पीटा। |
| (ix) जैसे ही शेर दिखाई दिया, वैसे ही लोग डर गए। | शेर दिखाई दिया और लोग डर गए। |

| सरल वाक्य | संयुक्त वाक्य |
|---|---|
| (i) आप खाकर आराम करें। | आप खाना खाएँ और आराम करें। |
| (ii) सूर्यास्त होने पर अंधकार छा गया। | सूर्यास्त हुआ और अंधकार छा गया। |
| (iii) वह भोजन करके विद्यालय जाता है। | वह भोजन करता है और विद्यालय जाता है। |
| (iv) बादल घिरकर भी न बरसे। | बादल घिरे परंतु वर्षा न हुई। |
| (v) वह फल खरीदने के लिए बाज़ार गया। | वह बाज़ार गया और उसने फल खरीदे। |
| (vi) रोहन कक्षा में रहकर भी नहीं पढ़ा। | रोहन कक्षा में रहा पर पढ़ा नहीं। |
| (vii) रोहन बीमार होने के कारण घूमने नहीं गया। | रोहन बीमार था इसलिए वह घूमने नहीं गया। |
| (viii) निर्धन को लूटने के अलावा उसने उसकी हत्या कर दी। | उसने न केवल निर्धन को लूटा अपितु उसकी हत्या भी कर दी। |
| (ix) कठोर बनकर भी सहृदय रहो। | कठोर बनो परंतु सहृदय रहो। |
| (x) निर्धन होने पर भी वह ईमानदार है। | वह निर्धन है, परंतु ईमानदार है। |

| साधारण वाक्य | मिश्रित वाक्य |
|---|---|
| (i) अच्छे लड़के मेहनती होते हैं। | जो लड़के मेहनती होते हैं, वे अच्छे होते हैं। |
| (ii) छतरी वाले आदमी को बुलाओ। | उस आदमी को बुलाओ जिसके पास छतरी है। |
| (iii) वह कपड़े खरीदने के लिए बाज़ार गया। | उसे कपड़े खरीदने थे इसलिए बाज़ार गया। |
| (iv) प्रधानाचार्य के आते ही प्रार्थना शुरू हुई। | जैसे ही प्रधानाचार्य आए वैसे ही प्रार्थना शुरू हुई। |
| (v) स्वस्थ रहने के लिए तुम्हें दूध पीना चाहिए। | यदि स्वस्थ रहना है तो तुम्हें दूध पीना चाहिए। |
| (vi) मनु ने अलौकिक दृश्य देखा। | मनु ने एक दृश्य देखा, जो अलौकिक था। |
| (vii) माँ के जाते ही बालक रोने लगा। | जब माँ गई तो बालक रोने लगा। |
| (viii) शाम होते ही वह चली गई। | जैसे ही शाम हुई, वह चली गई। |
| (ix) मैंने एक दुबला-पतला आदमी देखा। | मैंने एक व्यक्ति देखा, जो दुबला-पतला था। |
| (x) सरस कवि का सब आदर करते हैं। | जो कवि सरस होता है, उसका सब आदर करते हैं। |

# वाक्य परिवर्तन

**लिंग के अनुसार –**

- मोहन पढ़ता है।
- शिवानी लिखती है।
- लड़का लिखता है।
- लड़की लिखती है।

**वचन के अनुसार –**

- वह पढ़ता है।
- वे पढ़ते हैं।
- मैं पढ़ता हूँ।
- हमलोग पढ़ते हैं।

**पुरुष के अनुसार –**

**(i). उत्तम पुरुष**

- मैं दौड़ता हूँ।
- मैं गाता हूँ।

**(ii). मध्यम पुरुष**

- तुम दौड़ते हो।
- तुम गाते हो।

**(iii). अन्य पुरुष**

- वह दौड़ता है।
- वह गाता है।

**काल के अनुसार –**

**(i). वर्तमान काल**

सामान्य वर्तमान – वह खाता है।
अपूर्ण वर्तमान – वह खा रहा है।
संदिग्ध वर्तमान – वह खाता होगा।

**(ii). भूतकाल**

सामान्य भूत – उसने खाया।
आसन भूत – उसने खा लिया है।
पूर्ण भूत – वह खा चुका था।
अपूर्ण भूत – वह खा रहा था।
संदिग्ध भूत – उसने खा लिया होगा।
हेतुहेतुमद् भूत – यदि वह खाता तो बीमार नहीं पड़ता।

**(iii). भविष्यत् काल**

सामान्य भविष्यत् – वह खाएगा।
संभाव्य भविष्यत् – शायद वह खाए।
हेतुहेतुमद् भविष्यत् – यदि वह खाएगा तो बीमार नहीं पड़ेगा।